>

Title: Need to take steps to protect the villages from the devastation caused by annual floods in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): उत्तर प्रदेश राज्य के मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां-विलग्राम विधान सभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है। यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर ग्रामीणों की न केवल फसल बरबाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से वे आवासविहीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कृषि उपज बरबाद होने पर जहां उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है , वहीं वे बे घर भी हो जाते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश के मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराने, आवासहीन ग्रामीणों को आवास की व्यवस्था कराए जाने तथा प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने हेतु एक बांध केंद्रीय आवंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए और बाढ़ के कारण प्रभावित व्यक्तियों के लिए राहत और पुनर्वास कार्य तत्काल आरंभ करें।